इंटेक यंग हैरिटेज क्लब द्वारा संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ के संभाग प्रथम के सभागार में दिनाँक 6 अप्रैल, 2016 को इतिहास विभाग के इंटेक यंग हैरिटेज क्लब द्वारा एक संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें इंतेक यंग हैरिटेज क्लब के 15 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिन्होंने विभिन्न एतिहासिक विषयों पर अपनी प्रस्तुती दी. इसमें प्रथम स्थान कोमल बी.ए. तृतीय वर्ष ने, द्वितीय स्थान वन्दना बी.ए. द्वितीय वर्ष ने और तृतीय स्थान अंजलि शर्मा बी.ए. तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया. इसके अतिरिक्त सान्तवना पुरस्कार कविता बी.ए. द्वितीय वर्ष, हिनाक्षी बी.ए. द्वितीय वर्ष, दिव्या शर्मा बी.ए. द्वितीय वर्ष और निशि वशिष्ठ बी.ए. प्रथम वर्ष को दिया गया.

प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि इंटेक चैप्टर, फरीदाबाद के संयोजक श्री आनन्द मेहता थे जबकि कार्यक्रमाध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता थे. क्लब के संयोजक डॉ0 जयपाल सिंह ने बताया कि यह क्लब निरन्तर विभिन्न प्रतियोगिताओं व शैक्षणिक भ्रमण द्वारा युवा पीढ़ी को भारत की ऐतिहासिक विरासतो व भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति का ज्ञान कराता रहता है. सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि श्री आनन्द मेहता ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया. उन्होंने सान्तवना पुरस्कार भी दिए और बताया कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से विद्यार्थियों को अपनी कला, संस्कृति, इतिहास एवं सांस्कृतिक धरोहर के बारे में जानकारी मिलती है. महाविद्यालय के प्राचार्य ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए परीक्षा में सफलता के लिए शुभकामनाएं दी. इस कार्यक्रम मे निर्णायक की भूमिका श्रीमती किरण आनन्द अध्यक्ष हिन्दी विभाग ने निभाई और डॉ0 विनीता शर्मा इतिहास विभाग ने मंच का संचालन किया.